सरयू राय
सदस्य
झारखण्ड विधान सभा
सभापति
प्रत्यायुक्त विधान समिति

आवास :
● एफ. टाईप, आवास सं०-1, ए.जी. मोड़, डोरण्डा, राँची - 834002
मोबाईल नं.: 9431114466
ई-मेल : saryuroyoffice@gmail.com
वेबसाईट : www.saryuroy.in

पत्रांक 345/JSR/21 दिनांक

उपायुक्त,
पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर।

विषय : जमशेदपुर अक्षेस क्षेत्र, मानगो नगर निगम क्षेत्र तथा राज्य सरकार के नगर विकास विभाग में लंबित योजनाओं का शीघ्र क्रियान्वयन के संबंध में।

महाशय,

जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति में मेरी अनुशंसा पर जिला योजना चयन समिति से पारित 50 योजनाएं लंबित हैं जिनका निविदा निष्पादन के पश्चात दिनांक 14.03.2026 को शिलान्यास हो गया है परंतु इनका कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ है (सूची संलग्न)। इसी तरह मानगो नगर निगम क्षेत्र में भी मेरी अनुशंसा पर जिला योजना चयन समिति से पारित 81 योजनाओं का निविदा निष्पादन के पश्चात दिनांक 30.12.2025 को शिलान्यास हो गया परंतु इनका काम भी अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ है (सूची संलग्न)। इसके अतिरिक्त करीब 3 करोड़ 32 लाख 47 हजार रुपए की 5 योजनाएं ऐसी हैं जिनका प्राक्कलन तैयार होने के उपरांत तकनीकी स्वीकृति भी प्राप्त हो गयी है परंतु लंबे समय से नगर विकास विभाग में प्रशासनिक स्वीकृति के लिए लंबित हैं (सूची संलग्न)।

अनुरोध है कि जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति और मानगो नगर निगम क्षेत्र की योजनाओं का क्रियान्वयन शीघ्र आरंभ कराने का निर्देश देंगे तथा नगर विकास विभाग में प्रशासनिक स्वीकृति के लिए लंबित योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति शीघ्र हो जाय इसके लिए सक्षम पदाधिकारी को करना चाहेंगे।

सधन्यवाद,

संलग्न : यथोक्त

केन्द्रीय प्राप्ति शाखा
उपायुक्त का कार्यालय
पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर
7/4/26

भवदीय

सरयू राय